प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

दिनांक 18.06.2024 समय: 2.10 PM

स्कूल चलें हम अभियान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज स्कूल चलें हम अभियान का शुभारंभ किया। राज्य स्तरीय कार्यक्रम भोपाल के शासकीय सुभाष उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित किया । इसके साथ ही आज से स्कूलों में तीन दिवसीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम की भी शुरुआत हुई। प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने नए विद्यार्थियों का शाला में स्वागत किया । इस अवसर पर डा यादव ने कहा कि प्रदेश में संचालित सर्वसुविधायुक्त 369 सीएम राइज स्कूलों और पीएम श्री स्कूलों के माध्यम से छात्रों को आधुनिक तरीके से शिक्षा प्रदान की जा रही है। अन्य विद्यालयों की भी सभी जरूरी आवश्यकताएं पूरी।

प्रधानमंत्री-वाराणसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अंतर्गत करीब नौ करोड 26 लाख लाभार्थी किसानों को बीस हजार करोड रुपये से अधिक की 17वीं किस्त जारी करेंगे। अब तक 11 करोड से अधिक पात्र किसान परिवार प्रधानमंत्री किसान योजना के अंतर्गत तीन लाख चार हजार करोड रूपये से अधिक का लाभ प्राप्त कर चुके हैं। इस कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री कृषि सखी के रूप में स्व-सहायता समूहों की तीस हजार से अधिक महिलाओं को प्रमाण पत्र भी वितरित करेंगे। प्रमाण पत्र वितरण का यह कार्यक्रम "लखपति दीदी" कार्यक्रम के उद्देश्यों के अनुरूप है।

केन्द्रीय मंत्री सागर

केंद्रीय सामाजिक न्याय अधिकारिकता राज्य मंत्री बीएल वर्मा आज सागर जिले के प्रवास पर रहेंगे। वे यहां कृषि विज्ञान केंद्र सागर में आयोजित प्राकृतिक खेती सखी संवाद कार्यक्रम में शामिल होकर महिलाओं से संवाद करेंगे। कृषि विज्ञान केंद्र सागर की नोडल अधिकारी डॉ. एनसी त्रिपाठी ने बताया कि केंद्रीय मंत्री वर्मा सायं 4 बजे कृषि विज्ञान केंद्र में प्राकृतिक खेती से जुड़ी महिलाओं से संवाद कार्यक्रम में शामिल होंगे। करने के लिए हम संकल्पित हैं.

प्रदेश की शासकीय शालाओं में आयोजित किए जा रहे इन कार्यक्रमों के दौरान सांसद, विधायक एवं अन्य जन प्रतिनिधि भी सहभागिता कर रहे हैं । वहीं, स्कूल चलें हम अभियान में कल समस्त विद्यालयों में शिक्षक अभिभावक बैठक का आयोजन किया जाएगा।

फाइव-जी-इंटेलिजेंट गांव

ग्रामीण जीवन में नवाचार को बढ़ावा देते हुए बदलाव और डिजिटल समावेशन के उद्देश्य से, केंद्र सरकार ने **'फाइव-जी इंटेलिजेंट विलेज'** और **'क्वांटम एन्क्रिप्शन एल्गोरिदम'** के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए हैं। इसके लिए उद्योग, एमएसएमई, स्टार्टअप, शिक्षा जगत और उन सरकारी विभागों को आमंत्रित किया गया है जो दूरसंचार उत्पादों और समाधानों के प्रौद्योगिकी डिजाइन, विकास एवं वाणिज्यिकरण जैसे कार्यों में शामिल हैं। **'फाइव-जी इंटेलिजेंट विलेज'** पहल ग्रामीण समुदायों के उत्थान के लिए फाइव-जी प्रौद्योगिकी की बदलावकारी शक्ति का उपयोग करते हुए न्यायसंगत तकनीकी उन्नति की तत्काल आवश्यकता को पूरा करती है। इसका उद्देश्य कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, शासन और स्थिरता जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर ध्यान देना है।

मौसम

प्रदेश में मानसून से पहले प्री-मानसून की गतिविधियां शुरू हो गई है। कल इंदौर, भोपाल समेत कई जिलों में बारिश हुई। जिससे दिन के तापमान में भी गिरावट आयी है। आज भी प्री-मानसून की स्ट्रॉन्ग एक्टिविटी रहेगी। इसके चलते जबलपुर, छिंदवाड़ा समेत 6 जिलों में बारिश का रेड अलर्ट है। इसके साथ ही 50-60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी भी चल सकती है।

मौसम विभाग ने बताया कि प्रदेश में वेस्टर्न डिस्टरबेंस और साइक्लोनिक सर्कुलेशन सक्रिय है। इस वजह से बारिश हो रही है। आज भी लोकल सिस्टम स्ट्रॉन्ग रहेगा।

टी-20 विश्व कप सुपर आठ

आई सी सी के पुरूषों के टी-टवेंटी क्रिकेट विश्व कप में सुपर-8 की टीमें तय हो गई है। नेपाल पर विजय हासिल कर बांग्लादेश इस दौर के लिए चुनी जाने वाली अंतिम टीम बन गई। सुपर-8 के मुकाबले 19 जून से खेले जाएंगे और 25 जून तक चलेंगे।

इसके पहले ग्रुप में भारत, ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान और बांग्लादेश हैं, जबकि दूसरे ग्रुप में अमरीका, इंग्लैंड, वेस्टइंडीज और साउथ अफ्रीका हैं।

भारत का इस चरण में पहला मुकाबला अफगानिस्तान से 20 जून को होगा। सभी मैच वेस्टइंडीज में खेले जाएंगे।

कुछ समाचार संक्षेप में...

- अमरवाड़ा विधानसभा उपचुनाव के लिए भाजपा ने 35 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है. इसमें प्रदेश अध्यक्ष वी डी शर्मा, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और केन्द्रीय मंत्रियों के नाम शामिल हैं.
- गुना में जिला कलेक्ट्रेट के जनसुनवाई कक्ष में कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह आवेदकों की समस्याओं का निराकरण किया।
- बैतूल जिले में ग्राम डहुआ ढाना में बारिश के दौरान बिजली गिरने से युवक की मौत हो गई। और
- शिवपुरी जिले में इस समय गर्मी से लोगों का बुरा हाल है। दिन में तेज धूप और उमस से लोग भारी परेशान है।